**समाचार**

# आयुक्त ने किया दर्री जोन के विभिन्न वार्डो का दौरा

## (स्वच्छता व निर्माण कार्य स्थलों का किया निरीक्षण, वार्डो की साफ–सफाई का लिया जायजा, कसावट लाने के दिये निर्देश)




कोरबा 25 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री बाजार मुख्य मार्गो में नगर पालिक निगम की एक्शन टीम के साथ दुकानों के सामने सड़क व फुटपाथ पर किये गये अवैध कब्जों, अतिक्रमणों आदि पर सघन रूप से कार्यवाही की। वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। अतः सड़क, फुटपाथ पर अवैध कब्जा न करें, गंदगी न फैलायें एवं अपने शहर कोरबा को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में अपनी सहभागिता देवें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय दर्री जोन अंतर्गत दर्री बाजार मुख्य मार्ग व उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई संबंधी कार्यो का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होने नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री बाजार के मुख्य मार्ग पर गुमटी, ठेला लगाने वाले व्यवसायियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि अपने दुकानों, ठेला, गुमटी के सामने पाउच, पन्नी प्लास्टिक, इकट्ठा न होने देवें। भ्रमण के दौरान दो प्रतिष्ठानों द्वारा दुकान के इर्द–गिर्द कचरा फैलाने के कारण उन पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया तथा उन्हें समझाईश दी गई कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो। दुकानदार अपनी दुकान के सामने डस्टबिन रखें तथा ग्राहकों से कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित करें, यदि आपके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो आपके विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी होगी। दर्री बाजार अंतर्गत वार्ड क्र. 48 में भ्रमण के दरम्यान वार्ड पार्षद श्रीमती राधाबाई महंत भी उपस्थित थी।

भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 60 प्रगतिनगर लेबर कालोनी में कुछ नागरिकों द्वारा कोयले की अंगीठी जलाये हुवे उन्होंने देखा। जिससे काफी मात्रा में जहरीला धुंआ आसपास फैल रहा था, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने तत्काल ही अंगीठी को बुझवाया तथा उन्हें कच्चे कोयले न जलाने की समझाईश दी। फर्टिलाईजर बस्ती का मुआयना कर वहॉ पर बारिश के समय पानी भराव की समस्या उपस्थित न हो इस हेतु साथ में चल रहे अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने इसके उपरांत साडा कालोनी स्थित शिव मंदिर के पास निर्माणाधीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जो कि वर्तमान में ढलाई लेवल तक पहुंच चुका है, उक्त निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। भ्रमण के दौरान

रविवार बाजार में साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया व वहॉ पर फैली अव्यवस्थाओं का दूर करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिया। यहॉ निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद श्री जनक सिंह राजपूत भी उपस्थित थे।

**स्वच्छता में सबकी सहभागिता आवश्यक है** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि शहर की स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने की दिशा में भी निरंतर कार्य करें, लोगों को समझाईश दें कि वे अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों से उत्सर्जित कचरे को सड़क, नाली, चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर न डालें, निगम द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था की गई है, अतः डोर–टू–डोर अपशिष्ट सग्रहण हेतु पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों के वाहन में ही कचरें को दें। उन्होने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करें तथा निगम के साफ–सफाई कार्यो में अपना सहयोग दें।

भ्रमण के दौरान पार्षद राधाबाई महंत, जनक सिंह राजपूत, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर तपनयोगी तिवारी, उप जोन प्रभारी महेश्वर सिंह, उप अभियंता रितेश सिंह, शैलेन्द्र नामदेव, राजस्व अमले से सत्यप्रकाश राठौर, तीजराम पटेल एवं रामाधर सागर, ढेलूराम देवांगन आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।